Class -12 BIKASH SIR

दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प पर क्लिक कीजिए -----

1.सिल्वर वेडिंग पाठ के रचनाकार हैं ?

आनंद यादव
मनोहर श्याम जोशी
रामधारी सिंह दिनकर
जैनेन्द्र कुमार

2.यशोधर बाबू के कितने बच्चे हैं ?

तीन
दो
चार
पाँच

3. जन्यो पुन्यु का संबंध इन में से किससे है ?

जन्म का पुण्य
पुण्य का कार्य
एक कुमाँउनी संस्कार
ग्रामीण परंपरा

4. यशोधर बाबू की पत्नी पर किसका प्रभाव है?

ताई सास का
उनके बच्चों का
पड़ोसन का
गाँव का

5. सिल्वर वेडिंग कहानी की मूल संवेदना में कौन सा तथ्य नहीं है ?

पीढ़ियों का अंतराल
हाशिये पर धकेले जाते जीवन मूल्य
धर्म का प्रभाव
पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव

6.सिल्वर वेडिंग विवाह की कौन सी वर्षगाँठ है ?

10 वीं
50वीं
40वीं
25 वीं

7. यशोधर बाबू के बड़े बेटे ने विवाह की वर्षगाँठ पर क्या उपहार ?दिया

फूलों का गुलदस्ता
काँच का सजावटी सामान
मार्निंग गाउन
मिठाई का डब्बा

8. इन में से संचार माध्यम का उद्देश्य कौन सा नहीं है ?

धर्म और भाषा का विवाद बढ़ाना
सूचना देना
मनोरंजन करना
शिक्षित करना

9. भारत का पहला अखबार बंगाल गजट कब निकला था ?

1857
1947
1780
1942

10. हिन्दी के पहले साप्ताहिक पत्र का नाम बताइए ?

धर्मयुग
उदंत मार्तण्ड
हंस
जागरण

11. इनमें से कौन सा पत्र हिन्दी समाचार पत्र नहीं है?

सलाम दुनिया
हिन्दुस्तान
द हिन्दु
जनसत्ता

12. इनमें समाचार प्राप्ति के माध्यम में किन्हें नहीं माना जाता है ?

1 point

रेडियो
दूरदर्शन
बाजार
समाचार पत्र

13.फीडबैक क्या है ?

खाना खिलाना
प्राप्तकर्त्ता की सकारात्मक या नकारात्मक प्रतिक्रिया
समाचारों की समीक्षा
उल्टा पिरामिड शैली

. दिए गए पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए – – अब न गहरी नींद में तुम सो सकोगे? गीत गाकर में जगाने आ रहा हूँ । अतल अस्ताचल तुम्हें जाने ना दूँगा, अरुण ,उदयाचल सजाने आ रहा हूँ। कल्पना में आज तक उड़ते रहे तुम, साधना से सिहरकर मुड़ते रहे तुम। अब तुम्हें आकाश में उड़ने न दूँगा, आज धरती पर बसाने आ रहा हूँ। –

14.गहरी नींद में सोने का अर्थ है–

चिन्तायुक्त होना
मृत्यु को प्राप्त होना
परिश्रमी होना
बेखबर होना

15. कवि लोगों को कहाँ नहीं जाने देगा ?

पतन की राह पर
पाताल में
अतल गहराई में
जहाँ सूर्य अस्त होता है

16. कवि किस तरह के लोगों को सम्बोधित कर रहा है ?

जो बहुत परिश्रमी हैं
जो जीवन की कठोर वास्तविकताओं से बेखबर हैं
जो अत्यधिक प्रेरित हैं
जो आकाश की ऊँचाईयों को छूना चाहते हैं

17. कवि लोगों को क्यों जगाना चाहता है ?

सुबह हो गयी है
ताकि लोग गीत सुन सकें
यह कवि का दायित्व है
ताकि मनुष्यों में गतिशीलता आ सके और वे प्रगति के पथ पर आगे बढ़ सकें

18.अतल अस्ताचल तुम्हें जाने ना दूँगा, इस पंक्ति में कौन–सा अलंकार है ?

उपमा
रूपक
श्लेष
अनुप्रास

दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए– – बाजार है कि शैतान का जाल है ?ऐसा सजा–सजाकर माल रखते हैं कि बेहया ही हो,जो न फँसे। मैंने मन में कहा , ठीक। बाजार आमंत्रित करता है कि आओ मुझे लूटोऔर लूटो । सब भूल जाओ, मुझे देखो। मेरा रूप और किसके लिए है?मैं तुम्हारेलिए

हूँ । नहीं कुछ चाहते हो,तो भी देखने में क्या हरज है।अजी आओ भी। इसआमंत्रण में यह खूबी है कि आग्रह नहीं है आग्रह तिरस्कार जगाता है।लेकिन ऊँचे बाजार का आमंत्रण मूक होता है और उससे चाह जगती है। चाह मतलब अभाव ।चौक बाजार में खड़े होकर आदमी को लगने लगता है कि उसके पास काफी नहीं हैऔर चाहिए,और चाहिए । मेरे यहाँ कितना परिमित है और यहाँ कितना अतुलित है ओह ! कोई अपने को न जाने तो बाजार का यह चौक उसे कामना से विकल बना छोड़े। विकल क्यों पागल। असंतोष ,तृष्णा और ईर्ष्या से घायल कर मनुष्य को सदा के लिए यह बेकार बना डाल सकता है। –

19.दिए गए गद्यांश के पाठ का नाम बताइए।

बाजार का जादू
बाजार का रूप
बाजार की चमक
बाजार दर्शन

20. बेहया का अर्थ है–

बेशर्म
हठी
जो कुछ न सुने
जो आकर्षण में फँसे

21.कामना से विकल बनाकर बाजार सनुष्य में क्या नहीं भरता ?

संतोष
तृष्णा
ईर्ष्या
कामना

22.परिमित शब्द का अर्थ है–

बहुत ज्यादा
सीमित
अनन्त
अथाह

दिए गए पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए– – कविता एक खिलना है फूलों के बहाने कविता का खिलना भला फूल क्या जाने ? बाहर भीतर इस घर, उस घर बिना मुरझाए महकने के माने फूल क्या जाने ? –

23.कविता की तुलना किससे की गयी है ?

घर से
फूल से
महकनेसे

मुरझाने से

24. कविता का खिलना भला फूल क्या जाने ? पंक्ति में कौन सा अलंकार है ?
यमक
रूपक
प्रश्न
अतिशयोक्ति

25. दिए गए पद्यांश के कवि का नाम बताइए।

महादेवी वर्मा
हरिवंश राय बच्चन
आलोकधन्वा
कुँवर नारायण

26. दिए गए पद्यांश के पाठ का नाम बताइए।

फूलों के बहाने
कविता के बहाने
पतंग
आत्मपरिचय

27. दिए गए पद्यांश का भाव है–

फूलों की उड़ान असीमित है
फूलों की उड़ान सीमित है
कविता की उड़ान असीमित है
कविता की उड़ान सीमित है

28. फूल और कविता में क्या असमानता है ?

खिलना
मुरझाना
महकना
एक बार खिलकर कभी न मुरझाना

29.भक्तिन में दुर्गुणों का अभाव नहीं है स्पष्ट कीजिए।

30.बाजार के जादू के चढ़ने और उतरने का लोगों पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

31.दिन जल्दी–जल्दी ढलता है कविता का प्रतिपाद्य लिखिए।

32.चिड़िया की उड़ान और कविता की उड़ान का अंतर स्पष्ट कीजिए।